# जिले भर में धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

## मुख्य समारोह होगा एसएएफ ग्राउंड में, जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सुबह 9 बजे करेंगे ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जनवरी, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है. समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सुबह 8.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे.**



मुख्य अतिथि सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे. इसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे. मुख्य अतिथि सुबह 9.08 बजे से मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे. इसके बाद समारोह में आकर्षक परेड और मार्चपास्ट किया जाएगा. मुख्य अतिथि सुबह 9.41 बजे शांति का संदेश देने के लिए रंगीन गुब्बारों को मुक्त गगन में छोड़ेंगे. इसके बाद मुख्य अतिथि परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंगे. समारोह के मुख्य अतिथि सुबह 9.45 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान करेंगे. समारोह में सुबह 9.55 बजे मध्यप्रदेश गान का गायन होगा. समारोह में सुबह 10 बजे से 10.35 बजे तक विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे. इसके बाद समारोह में विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियाँ प्रदर्शित की जाएंगी. समारोह में मुख्य अतिथि सुबह 10.40 बजे श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेंगे. समारोह का समापन सुबह 11 बजे होगा. इसके बाद मुख्य अतिथि सुबह 11.30 बजे शासकीय उमावि बदरावं में आयोजित जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे. गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर निगम के टाउनहाल में शाम 6 बजे से भारत पर्व के आयोजन में कवि सम्मेलन होगा.

### सम्मानित होंगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीर नारियाँ

रीवा, 25 जनवरी, गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह एसएएफ परेड मैदान में 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है. समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान किया जाएगा. अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों, सैन्य अधिकारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सभी एसडीएम गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित करें एवं अधिक आयु अथवा स्वास्थ्य कारणों से जो समारोह में शामिल न हो सकें उन्हें घर पर जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित करें.

# सड़क निर्माण कंपनी के कर्मचारियों ने दो भाइयों पर किया जानलेवा हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जनवरी, शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति विला कॉलोनी में शुक्रवार की रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें हमलावर मारपीट करते साफ नजर आ रहे हैं. घायलों को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया.**




पीड़ित पक्ष के अनुसार, विवाद की शुरुआत जमीन पर सिंचाई के पाइप टूटने को लेकर हुई थी. पीड़ित राघवेंद्र तिवारी और उपेन्द्र तिवारी की बायपास सड़क के दोनों तरफ पुश्तैनी जमीन है. वहां सड़क निर्माण कंपनी केसीसी बिल्डिकान की मशीनें काम कर रही थीं, जिससे सिंचाई का पाइप टूट गया. जब भाइयों ने इसकी शिकायत की, तो निर्माण कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया. राघवेन्द्र और उपेन्द्र सम्भल पाते इसके पहले गाड़ी से उतरे कर्मचारियों ने ताबड़तोड़ मारपीट शुरू कर दी, जिससे दोनो भाईयों का सर फट गया और खून से लतपत होकर जमीन पर गिर पड़े. इस मामले में पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. पीड़ित के भाई रविन्द्र तिवारी का आरोप है कि चोरहटा पुलिस आरोपियों को संरक्षण दे रही है. उनका कहना है कि पुलिस प्रोजेक्ट मैनेजर नवीन का नाम एफआईआर में दर्ज नहीं करने को कह रही है. मामले को रफा-दफा करने के लिए सामान्य धाराओं में केस दर्ज करने की बात कही जा रही है. रवीन्द्र ने बताया कि पूरे मामले की शिकायत एसपी से भी की गई है और कम्पनी के मैनेजर नवीन ने बातचीत के लिये बुलाया था जहा दोनो भाईयों पर जानलेवा हमला किया गया. एक षड़यंत्र के तहत वारदात को अंजाम दिया गया है.

परिजनों की मांग है कि हमला जानलेवा था, इसलिए हत्या का प्रयास के तहत मामला दर्ज हो. पुलिस को घटना स्थल के पास का एक सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुआ है. पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है और दोषियों पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल, अस्पताल में भर्ती एक भाई का इलाज चल रहा है एक भाई को डिस्चार्ज कर दिया गया है.

### पीड़ित पक्ष 307 की धारा पर अड़ा था : आशीष

चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के साथ उनके भाई रविन्द्र तिवारी थाने आए थे और एफआईआर दर्ज की जा रही थी. हालांकि, पीड़ित पक्ष धारा 307 लगाने की जिद पर अड़ा था. हमने उन्हें समझाया कि फिलहाल मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लेते हैं, जैसे ही एमएलसी रिपोर्ट आएगी, चोटों की गंभीरता के आधार पर धाराएं बढ़ा दी जाएंगी. लेकिन वे तैयार नहीं हुए और बिना एफआईआर कराए चले गए.

# गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर करेगे ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 25 जनवरी, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह मऊगंज जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा.**

मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर मऊगंज में आयोजित किया जाएगा. समारोह के मुख्य अतिथि जिले के कलेक्टर संजय कुमार जैन सुबह 8.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे. मुख्य अतिथि सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे. इसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे. मुख्य अतिथि सुबह 9.25 बजे से सुबह 9.50 बजे तक माननीय मुख्यमंत्री जी के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे. समारोह में सुबह 9.50 बजे से 10.20 बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा झांकियों की प्रस्तुति होगी. समारोह में मुख्य अतिथि सुबह 10.20 बजे से 10.40 बजे तक श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेंगे. इसके बाद मुख्य अतिथि दोपहर 12 बजे मॉडल स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे.

गणतंत्र दिवस की संध्या पर शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में शाम 6 बजे से भारत पर्व के आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा.

**शासकीय भवनों में होगी रोशनी**-गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जायेगी. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सभी अधिकारियों को कार्यालय भवनों में रोशनी कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये हैं.

### कलेक्टर विशेष मध्यान्ह भोजन में होंगे शामिल

मऊगंज, 25 जनवरी, मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा. जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन मऊगंज विकासखण्ड के मॉडल स्कूल मऊगंज में सुबह 11.30 बजे आयोजित किया जा रहा है. इसमें मुख्य अतिथि शामिल होंगे.

## संक्षिप्त

### शासकीय भवनों में होगी रोशनी

**रीवा.** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जायेगी. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी अधिकारियों को कार्यालय भवनों में रोशनी कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये है. उन्होंने निजी संस्थानों से भी उनके भवनों में गणतंत्र दिवस में रोशनी करने का अनुरोध किया है.

### कमिश्नर कार्यालय में कमिश्नर करेंगे ध्वजारोहण

**रीवा.** जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा. गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों में प्रात: ध्वजारोहण किया जा रहा है. इस क्रम में 26 जनवरी को कमिश्नर बीएस जामोद सुबह 8.15 बजे कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण करेंगे.

### कलेक्ट्रेट में कलेक्टर करेंगी ध्वजारोहण

**रीवा.** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 8.15 बजे ध्वजारोहण करेंगी. संबंधितजनों को नियत समय पर उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### रिदम ग्रुप के अध्यक्ष डॉ विनोद तिवारी का सम्मान

**रीवा.** डॉ विनोद तिवारी का सम्मान साल और श्री फल से रेड क्रॉस सोसाइटी और विंध्य रेड क्रॉस सोसाइटी वृद्ध आश्रम स्वागत भवन में बसंत पंचमी के उपलक्ष पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया. मुख्य अतिथि डॉ. सी बी शुक्ल पूर्व संचालक संजय गांधी स्मारिक चिकित्सालय पूर्व कुलपति एन पी पाठक रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी पूर्व संचालक श्रीमती रश्मि शुक्ला विश्व सुंदरी परिषद के संरक्षक नारायण डिगवानी एवं रीवा के प्रख्यात कवि कवित्री एवं साहित्यकारों के समक्ष डॉ विनोद तिवारी का सम्मान उनके द्वारा किए गए कार्यों के योगदान के लिए किया गया.

### भारत पर्व में होगा कवि सम्मेलन

**रीवा.** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भारत पर्व लोकतंत्र का लोक उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम, रीवा में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस गरिमामय साहित्यिक आयोजन में देशभक्ति, राष्ट्रगौरव एवं सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से गणतंत्र पर्व की गरिमा को और अधिक भावपूर्ण स्वर प्रदान किया जाएगा तथा आमजन को लोकतांत्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा. कार्यक्रम में देशभक्ति को समर्पित काव्य पाठ हेतु डॉ. सुरेश श्रीवास्तव, श्रीमती मधु जैन, रामकृष्ण द्विवेदी, शानू राज तथा रघुवीर तिवारी अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे. साथ ही इस कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम 26 जनवरी 2026 को सायं 06:00 बजे टाउन हॉल, नगर निगम रीवा में आयोजित होगा.

### सड़क हादसे में एक की मौत, दो गंभीर घायल

**रीवा.** रीवा-मनगवां हाईवे के रायपुर कर्चुलियान बाईपास में भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी है जिसमें से एक की घटना स्थल पर मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल है जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेज दिया गया है. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जप्त कर जांच शुरू कर दी है.जानकारी के मुताबिक बाईक सवार विहारी लाल केवट उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 15 रायपुर करचूलियाँ अपने दो अन्य साथियों के साथ पहाड़िया स्थित दरिया प्लांट से काम कर वापस घर जा रहा था. इसी दौरान रायपुर कर्चुलियान बाईपास में सगरा मोड़ के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार दो लोग सड़क में दूर जा गिरे जबकि बिहारी लाल केवट ट्रक के टायर के नीचे आ गया जिसके चलते उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है. घटना की सूचना पर पहुंची रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है वही ट्रक को जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. बाइक सवार तीनों व्यक्ति पहाड़ियां स्थित दरिया प्लांट में काम करते थे और वहीं से वापस घर जा रहे थे इसी दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं. दो घायलो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा उनका उपचार किया जा रहा है. हाइवे में कट के वजह से यह सड़क हादसा हुआ.



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ लेते अधिकारी एवं कर्मचारीगण

# वीबी-जी राम जी आत्मनिर्भर भारत बनाने के दिशा में कदम : प्रहलाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जनवरी, भाजपा कार्यालय में विकसित भारत ग्रामीण रोजगार और अजीविका मिशन गारंटी को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई.**



25 जनवरी मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में प्रभारी मंत्री द्वारा नवमतदाताओं भाजपा कार्यालय अटल कुंज में तिरंगा झण्डा दिया गया. कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री व प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि विकसित भारत ग्रामीण रोजगार और अजीविका मिशन गारंटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी, संवेदनशील और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई है. ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है. सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा विकसित भारत ग्रामीण रोजगार और अजीविका मिशन गारंटी बिल में प्रावधान किया गया है कि बुआई और कटाई के मौसम में 60 दिन काम बंद कर दिया जायेगा. इसका उद्देश्य बुआई और कटाई के समय मजदूरों की कमी नहीं होने देना है. कार्यशाला में जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, सिद्धार्थ तिवारी, विधायक त्योंथर, श्रीमती नीता कोल आदि मौजूद रहे.

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस में दिलाई गई मतदाता जागरूकता शपथ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जनवरी, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा के सभागार में आयोजित किया गया.**

समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया. इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र विश्व की सर्वश्रेष्ठ शासन प्रणाली है. लोकतंत्र का आधार मतदाता है. हर वयस्क व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराये और मतदान के समय निर्भय और निष्पक्ष होकर मतदान करे. मतदान प्रत्येक मतदाता का नैतिक और लोकतंत्रिक कर्तव्य है. हर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग आवश्य करें. भारत निर्वाचन आयोग निष्पक्ष और स्वतंत्रत मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करता है. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई. समारोह में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ आनंदलाल चौधरी, आशोक मिश्रा तथा रमाशंकर विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मतदाता सूची में नाम शामिल कराने वाले मतदाताओं ऋचा मिश्रा, सोनम सिंह तथा कृष्णा साकेत को ईपिक कार्ड प्रदान किये. समारोह में यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन विद्यालय के विद्यार्थियों ने मधुर सुर में मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया. समारोह में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कार्यक्रम में शामिल होने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया. समारोह में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग मौजूद रहे.

# महाशिवरात्रि में 30 फिट लंबा त्रिशूल होगा आकर्षण का केन्द्र

नवभारत न्यूज


**रीवा, 25 जनवरी, रीवा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि को ऐतिहासिक बनाने की तैयारिया शुरू कर दी गई है.**

महाशिवरात्रि के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य शिव बारात का आयोजन परंपरागत तरीके से किया जा रहा है. लेकिन इस बार बारात में 30 फिट लंबी और 551 किलो की त्रिशूल आकर्षण का केंद्र रहेगी. इस बार शिव बारात में अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक गायिकाओं के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली जा रही है. दरअसल आगामी 15 फरवरी रविवार को सुबह 9:00 बजे शिव बारात बैजू धर्मशाला से रवाना होगी और शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पंचमठ धाम में शिव बारात का आयोजन किया जाएगा. फिलहाल इस आयोजन को लेकर आज आयोजन समिति ने जानकारी दी.

# विकसित और स्वस्थ भारत के निर्माण में भूमिका निर्वहन का लें प्रण : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी है.**



उन्होंने कहा कि आज का यह पावन अवसर हमें हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के अद्वितीय बलिदान, संघर्ष और समर्पण का स्मरण कराता है. साथ ही, संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है, जिन्होंने भारत को एक सशक्त, लोकतांत्रिक और समावेशी राष्ट्र के रूप में दिशा दी. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली विरासत को पुन: प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है और विश्वगुरु बनने की दिशा में दृढ़ कदम बढ़ा रहा है.

# दिन भर रहा बादलों का ड़ेरा, तापमान में गिरावट के साथ बढ़ी ठंड

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जनवरी, मौसम की रंगत बदली हुई है रविवार को बादलों का डेरा रहा. सूर्यदेव ओर बादलों के बीच दिनभर लुकाछिपी का खेल चलता रहा. शाम ढलने के साथ ही हवाएं चली, जिससे ठंड का एहसास हुआ.**



दिन का अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री रहा तो वही रात का न्यूनतम तापमान भी गिर कर 9.8 डिग्री पहुंच गया. शनिवार की अपेक्षा रविवार को मौसम ठंडा रहा और 4 किलो मीटर की गति से हवाएं चलती रही. तड़के पांच बजे तक कोहरा रहा, हालाकि उसके बाद कोहरा हट गया. चार दिन बाद रविवार को कड़ाके की ठंड रही. रिमझिम बारिश की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ जो हिमाचल प्रदेश से सटे जम्मू क्षेत्र के ऊपर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में स्थित था, अब हिमाचल प्रदेश तथा उससे सटे पंजाब के ऊपर समुद्र तल से लगभग 3.1 किमी की ऊँचाई पर विद्यमान है. एक ट्रफ दक्षिण पंजाब से कच्छ तक फैली हुई है, जो पश्चिमी राजस्थान और उत्तर गुजरात से होकर समुद्र तल से लगभग 1.5 किमी की ऊँचाई पर है. एक चक्रवातीय परिसंचरण मध्य उत्तर प्रदेश के ऊपर समुद्र तल से 1.5 से 3.1 किमी की ऊँचाई पर बना हुआ है. शाम के बाद धुंध शुरू हो गया और ठंड दिन भर बनी रही.

# अधेड़ को बेरहमी से पीटा, बाइक से बांधकर घसीटा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जनवरी, रीवा जिले के सेमरिया क्षेत्र के राजगढ़ गांव में शनिवार शाम तीन दबंगों ने गुंडागर्दी की हदें पार करते हुए एक व्यक्ति के साथ सरेराह मारपीट की.**

इससे भी जी नहीं भरा तो युवको ने घायल को बाइक से बांधकर सड़क पर घसीटा. घायल को अचेत होने पर तीनों सड़क पर ही छोड़कर फरार हो गए. घटना से आक्रोशित पीड़ित के परिजनों ने घटनास्थल पर ही जाम लिया दिया. पुलिस ने परिजनों को समझाइश देकर जाम खुलवाया और केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. एक आरोपी की पहचान हो गई है वही घटना का कारण सामने नहीं आया है. राजगढ़ निवासी लालमणि प्रजापति ने बताया कि शनिवार की शाम सायकल से वह मेला कर घर जा रहे थे. इस दौरान बाइक में सवार होकर आए तीन युवकों ने उसे पहले रोका और फिर हमला कर दिया. सरेराह उसकी जमकर पिटाई की जिसमें वह घायल हो गया. आरोपियों ने गुंडागर्दी की सारी हदें पार करते हुए मोटर साइकिल में पीड़ित को बांधकर सड़क में घसीटते रहे. इस दौरान आरोपियों को ग्रामीण आते दिखे तो आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए.घटना की जानकारी जैसे ही स्थानीय लोगों को हुई तो हड़कंप मच गया. घटना से नाराज परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया जिससे आवागमन बाधित हो गया.पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाइश देकर जाम खुलवाया. आरोपी फरार बताए जा रहे हैं.

# रीवा के युवक पर भोपाल में जानलेवा हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 जनवरी, भोपाल के कोलार इलाके में एक युवक पर फिल्मी अंदाज़ में जानलेवा हमला हुआ.**

बिना नंबर प्लेट की दो गाड़ियों में आए नकाबपोश बदमाशों ने युवक को घेरकर हथौड़े से ताबड़तोड़ वार किए. घायल युवक को बंसल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है.पुलिस के अनुसार कुलदीप पटेल निवासी ग्राम धाउचट थाना चोरहटा पर हमला किया गया है. यह हमला इतना हिंसक था कि आरोपी युवक को घेरकर हथौड़े से लगातार वार करते रहे. आसपास के लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहा उसकी हालत नाजुक है.